an>

Title: Regarding setting up a world class museum at Laura Deva.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): सभापति महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर जिसका मुख्यालय खलिलाबाद है, वहां से थोड़ी दूर स्थित एक लहुरा देवा नामक स्थान है जहां तकनीकी कृषि की सबसे बड़ी सभ्यता मिली, विश्व में तकनीकी कृषि की जितनी भी सभ्यताएं अब तक प्रमाणित हुई हैं, लहुरा देवा नामक स्थान पर पुरातत्व विभाग की खुदाई में कार्बन डाटा के आधार पर जिसका प्रमाणित रूप से सर्वे किया गया, लगभग दस हजार वर्ष पुरानी कृषि की प्रमाणित सभ्यता मिली। मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि इतनी प्राचीन सभ्यता भारत में पाई गई। वह कार्बन डाटा के आधार पर सत्यापित भी की जा चुकी है। लहुरा देवा नामक स्थान पर विश्व स्तर का संग्रहालय बनाकर उस कृषि सभ्यता को स्थापित किया जाए जिससे भारत की सभ्यता को पूरे विश्व के लोग जानें। खेती की तकनीकी पद्धति हमारे देश में पूरे विश्व से सबसे अधिक प्राचीन पद्धति है।...(व्यवधान)

मैं एक और अति महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You are not allowed to raise second matter. You can raise only one matter.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): महोदय, बहुत महत्वपूर्ण विषय है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: That will not go on record. You can raise only one matter.

...(*Interruptions*)â€¦ *

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra, Shri Jagdambika Pal and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Sharad Tripathi.